पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 23 अगस्त, 2019 पेज 8

# हमारा दून

ताशी एवं नुग्शी की टीम को एडवेंचर रेस इको चैलेंज में प्रतिभाग के लिए रवाना करते सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5 जनवरी को

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानाध्यापक सैनिक स्कूल घोड़ाखाल नैनीताल, कर्नल स्मिता मिश्रा ने अवगत कराया है कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल में शिक्षा सत्र 2020–21 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि कक्षा 6 की 65 सीटों एवं कक्षा 9 की 20 सीटों हेतु प्रवेश परीक्षा अगले वर्ष 5 जनवरी 2020 को नौ सेन्टरों पर यथा अल्मोड़ा, देहरादून, घोड़ाखाल (नैनीताल), कोटद्वार, पिथौरागढ, रुड़की, श्रीनगर गढवाल, रूद्रपुर उधमसिंहनगर एवं हल्द्वानी में आयोजित की जायेगी। सीटों की संख्या घट–बढ सकती है। अधिक जानकारी के लिए सैनिक स्कूल सोसायटी की वेबसाइट कर सकते हैं।

### कार्यशाला अब अक्टूबर में होगी

**संवाददाता** देहरादून। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी देहरादून ने अवगत कराया है कि गढवाल मण्डल में होम स्टे योजना के अन्तर्गत पंजीकृत महिला आवेदकों को राष्ट्रीय महिला, आयोग, एयरबैण्ड वर्कशाप प्रशिक्षण से कार्यक्रम कार्यशाला जो 31 अगस्त को होनी थी को पर्वतीय क्षेत्रों वर्षा की अधिकता को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला का आयोजन माह अक्टूबर में किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण की नवीन तिथियां निर्धारित होते ही अवगत करा दिया जायेगा।

### फिल्म बौडी की गंगा का प्रदर्शन दून में 23 अगस्त को

**संवाददाता** देहरादून। ड्रीम अनलिमिटेड फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित फिल्म बौडी की गंगा का प्रदर्शन आज राजपुर रोड स्थित एक मल्टीप्लेक्श में किया जायेगा। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान प्रदेश के मुख्य मंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में व दून के मेयर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे मौजूद रहेगें इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजपुर विधायक खजानदास भी कार्यक्रम में शिरकत करेगें।

# रिश्तेदार की खातिर सीएम ने सुको का फरमान ठुकरायाः मोर्चा

**मांग**

राजभवन से मोर्चा करेगा प्रतिनियुक्ति समाप्त कर कार्यवाही की माँग

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में तैनात कुलसचिव का है मामला

प्रतिनियुक्ति अक्टूबर 2018 में हो गयी थी समाप्त

**संवाददाता**

विकासनगर/देहरादून। जनसंघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जी0एम0वी0एन0 के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात तकनीकी शिक्षामन्त्री, सी0एम0 की रिश्तेदार डॉ0 अनिता राणा रावत, जो कि ऋषिकेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात थी, को 27 अक्टूबर 2017 को कुलसचिव के पद पर यूटीयू में तैनात कर दिया गया। उक्त हेतु उच्च शिक्षा विभाग (मूल विभाग) ने 12.10.2017 को एक वर्ष हेतु एन0ओ0सी0 जारी कर उल्लेख किया कि अवधि समाप्त होते ही प्रतिनियुक्ति स्वतः ही समाप्त समझी जाएगी।



पत्रकार वार्ता करते हुए रघुनाथ सिंह नेगी।

मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि प्रतिनियुक्ति की अवधि I 26.10.2018 को समाप्त होने के पश्चात् क्यों उच्च शिक्षा विभाग ने श्रीमती राणा के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तथा एन0ओ0सी0 विस्तारित किये बगैर कैसे पद पर बनाये रखा गया।

मोर्चा द्वारा प्रयास किये जाने के उपरान्त विभाग द्वारा शर्मशार होकर 8 माह बाद 28.06.2019 को एन0ओ0सी0 विस्तारित की गयी। नेगी ने कहा कि अति महत्वपूर्ण यह है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 25.09.2018 को एक आदेश के तहत विभाग को तीन माह के भीतर नियमावली गठित करने के निर्देश दिये थे, जिसके क्रम में 17.12.2018 को नियमावली गठित की गयी।

हैरानी की बात यह है कि शासन द्वारा नियमावली गठित होने व एक वर्ष की अवधि, जो पहले घटित होगी, तब तक प्रतिनियुक्ति कायम रह सकती थी, का उल्लेख किया गया था, लेकिन दिसम्बर 2018 में नियमावली गठित होने के आठ माह बाद भी प्रतिनियुक्ति का क्या औचित्य है। यानि यह एक तरह से उच्चतम न्यायालय की अवमानना है। नेगी ने कहा कि सी0एम0 ने अपनों की खातिर नियमों को तार–तार कर प्रतिनियुक्ति प्रदान की गयी, जबकि कुल सचिव हेतु बी0टेक एवं 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव लाजिमी है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति पर भी आपत्ति जतायी गयी थी कि विभाग में 109 पदों के सापेक्ष मात्र 62 प्रवक्ता कार्यरत हैं, यानि प्रवक्ताओं की कमी है।मोर्चा राजभवन से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर कार्यवाही की माँग करेगा। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश पंवार, विजयराम शर्मा, दिलबाग सिंह, सुशील भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### पर्वतारोही ताशी एवं नुग्शी की टीम को किया रवाना

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में दुनिया की मुश्किल एवं खतरनाक एडवेंचर रेस इको चौलेंज में प्रतिभाग के लिए जा रही उत्तराखंड की पर्वतारोही ताशी एवं नुग्शी की टीम को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस प्रतियोगिता के लिए दोनों बहनों को शुभकामनाएं दी। फिजी में 09 सितंबर से 21 सितंबर 2019 तक इको चैलेंज 2019 के नाम से आयोजित होने वाली इस एडवेंचर रेस में 30 देशों की 67 टीमें भाग ले रही हैं। 675 किमी की इस एडवेंचर रेस में 12 एडवेंचर से संबंधित एक्टिविटी होंगी। ये सभी एक्टिविटी फिजी के घने जंगलों, पहाड़ों, नदियों एवं समुद्र के जरिए होंगी। इस रेस की मेजबानी प्रसिद्ध एडवेंचर्स बेयर ग्रिल्स कर रहे हैं। उत्तराखंड से ताशी के नेतृत्व में 4 सदस्यों की टीम इस प्रतियोगता में भाग ले रहे हैं। इस टीम के मैनेजर रिटायर्ड कर्नल वी. एस.मलिक हैं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डा. धन सिंह रावत व विधायक गणेश जोशी उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण ले रहे युवाओं ने सीएम से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से गरूवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तहत रूड़की में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं ने भेंट की। इन प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि वे पॉलीथीन को प्रतिबंधित करने के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाना चाहते हैं। धार्मिक स्थलों एवं आगामी कुंभ में प्लास्टिक व पॉलीथीन के उत्पादों के निस्तारण के लिए कार्य करना चाहते हैं। जिससे प्रदेश से पॉलीथीन मुक्ति, ग्रीन व क्लीन उत्तराखण्ड का संदेश जायेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में पॉलीथीन का प्रयोग प्रतिबंधित हैं इसके लिए जन जागरूकता के साथ पॉलीथीन मुक्ति के लिये कार्य करना एक अच्छी पहल है।

# पिरूल से विद्युत उत्पादन योजना है बहुत ही उपयोगी योजना

**बैठक**

■ पिरूल से विद्युत उत्पादन नीति के अन्तर्गत उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर बैठक

देहरादून। **(ईएमएस)**

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने गुरूवार को सचिवालय में पिरूल से विद्युत उत्पादन नीति के अन्तर्गत चयनित उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरूल से विद्युत उत्पादन योजना बहुत ही उपयोगी योजना है। इससे जहां एक ओर पिरूल के प्रयोग से विद्युत उत्पादन होगा वहीं दूसरी ओर पिरूल के प्रयोग होने से जंगलों को आग लगने के खतरे से बचाया जा सकेगा। इस योजना से स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं को जिनसे स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नये एवं छोटे उद्यमियों को समयबद्ध रूप से सिंगल विंडो क्लीयरेंस दी जानी चाहिए।



सचिवालय में पिरूल से विद्युत उत्पादन नीति के अन्तर्गत चयनित उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए बैंठक करते सीएस।

सचिव श्रीमती राधिका झा ने कहा कि पिरूल से विद्युत उत्पादन योजना के अन्तर्गत उद्यमियों को प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना जंगलों में आग की रोकथाम एवं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक जी.एस. मर्तोलिया, निदेशक उद्योग श्री सुधीर चन्द्र नौटियाल एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन स्कीम की प्रगति की समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने गुरुवार को सचिवालय में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन स्कीम की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह बहुत ही उपयोगी योजना है। इसका लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए। जानकारी के अभाव में बहुत से लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रचार–प्रसार के लिए अभियान चलाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस प्लान तैयार किया जाए। इसमें जिला प्रशासन की भी सहायता ली जाए। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर भी लोगों में योजना के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर सचिव हरवंश सिंह चुघ भी उपस्थित थे।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।